रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1667] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 10, 2015/श्रावण 19, 1937
No. 1667] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 10, 2015 /SHRAVANA 19, 1937

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 अगस्त , 2015

का.आ. 2161(अ).—विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अनुसरण में माननीय न्यायमूर्ति श्री ए.के. पाठक, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, जिन्हें मेघालय के एक संगठन हन्नीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउंसिल (एच.एन.एल.सी) को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के लिए पर्याप्त कारण विद्यमान होने अथवा न होने के संबंध में न्याय निर्णय करने के लिए विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत एक संदर्भ भेजा गया था, की अध्यक्षता में गठित अधिकरण के आदेश को आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है:

[सं. 11011/27/2015-एन ई-V]

शम्भू सिंह, संयुक्त सचिव

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

नई दिल्ली

सुरक्षित : 29 अप्रैल, 2015

निर्णय की तारीख : 12 मई, 2015

निम्नलिखित मामले में:

हन्नीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउंसिल ऑफ मेघालय को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम घोषित करने संबंधी दिनांक 16 नवम्बर, 2014 की राजपत्र अधिसूचना संख्या का.आ. 2923(अ)

कोरम :

माननीय न्यायमूर्ति श्री ए.के. पाठक

उपस्थिति :

सुश्री नीता गुप्ता, उप सचिव तथा श्री एस.सी. रावत, अनुभाग अधिकारी, गृह मंत्रालय के साथ श्री संजय जैन, अपर सोलिसिटर जनरल, श्री जसमीत सिंह, केन्द्र सरकार के स्थायी वकील, श्री राजेश गोगना, केन्द्र सरकार के स्थायी वकील।

मेघालय राज्य के अधिवक्ता श्री रंजन मुखर्जी।

आदेश

1. विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (जिसे इसमें इसके पश्चात संक्षेप में 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 3 (1) के तहत पारित दिनांक 16 नवम्बर, 2014 की अधिसूचना सा. का. 2923 (अ) के तहत केन्द्र सरकार ने हन्नीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन कांउसिल ऑफ मेघालय [संक्षेप में 'एच एन एल सी'] को 16.11.2014 से अन्य बातों के साथ-साथ इन आधारों पर 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया था।

एच एन एल सी ने (i) अपनी राष्ट्र विरोधी विचार धारा को खुले तौर पर अपना रखा है; (ii) अपने उद्देश्य को हासिल करने के लिए सशस्त्र साधनों का प्रयोग कर रहा है तथा उनमें लिप्त है; (iii) अपने संगठन के लिए निधियां एकत्र करने हेतु आम लोगों को डराने-धमकाने, जबरन धन वसूली करने तथा उनसे लूट-पाट करने के कृत्यों में संलिप्त रहा है; (iv) जबरन धन वसूली तथा डराने-धमकाने के कृत्यों को अंजाम देने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ संबंध बनाए हुए है; और (v) अपने काडरों के आश्रय एवं प्रशिक्षण के प्रयोजन से ''पड़ोसी देश'' में शिविर बनाए हुए हैं।

2. उक्त अधिनियम की धारा 5 (1) के अंतर्गत पारित दिनांक 8 दिसम्बर, 2014 की अधिसूचना का.आ. 3088 (अ) के तहत गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने यह न्याय निर्णय करने के प्रयोजन से, कि एच एन एल सी को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित करने का पर्याप्त आधार है या नहीं, इस अधिकरण का गठन किया तथा उक्त अधिनियम की धारा 4 के उपबंधों के अंतर्गत इस अधिकरण को संदर्भ भेजा। इस अधिकरण को उक्त संदर्भ दिनांक 17 दिसम्बर 2014 को मिला।

3. उक्त अधिसूचना के साथ केन्द्र सरकार ने एच एन एल सी के बारे में एक पृष्ठभूमि नोट भेजा है जिसमें एच एन एल सी के उद्देश्यों और लक्ष्यों, इसकी ''हिंसा के स्तर'' तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के भूमिगत संगठनों के साथ इसके संबंधों का उल्लेख किया गया है। उक्त पृष्ठभूमि नोट के अनुसार एच एन एल सी का गठन 1992 में निम्नलिखित उद्देश्यों से किया गया:

(i) हन्नीवट्रेप लोगों (खासी और जैंतिया जनजातियों) को भारत सरकार के कथित अधिकारवादी शासन से मुक्त कराना;

(ii) खासी और मेघालय की अन्य जनजातियों की शोषण से सुरक्षा; और

(iii) उनकी मूल संस्कृति को बनाए रखना तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करना।

4. इसमें आगे यह उल्लेख किया गया है कि यद्यपि हाल में एच एन एल सी द्वारा की गई हिंसा की किसी बड़ी घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, तथापि इन काडरों की छोटी-छोटी टुकड़ियां खासी/जैंतिया हिल्स, जिनमें पूर्वी खासी हिल्स, पश्चिमी खासी हिल्स, रि-भोई तथा जैंतिया हिल्स जिले शामिल हैं, में खोई जमीन को पुन: प्राप्त करने के प्रयास कर रही हैं। पृष्ठभूमि नोट के अनुसार एच एन एल सी द्वारा की जाने वाली हिंसा की स्थिति निम्न प्रकार है:-

(क) दिनांक 2 फरवरी, 2014 और 16 अप्रैल, 2014 को एच एन एल सी ने राज्य के युवकों को अपने साथ हाथ मिलाने के लिए आह्वान करते हुए एक ई-मेल जारी किया और असम-मेघालय सीमा पर विवादित लांगपीह क्षेत्र तथा खासी एवं जैंतिया हिल्स जिलों में रह रहे सभी नेपालियों को **क्विट** नोटिस दिया;

(ख) अप्रैल, 2014 में संसदीय चुनाव के दौरान एच एन एल सी ने अपने फेसबुक पेज पर एक मैसेज डाला जिसमें सभी से मतदान केन्द्रों पर बम फेंकने के लिए आह्वान किया गया;

(ग) एच एन एल सी ने लामफरांग खरबानी, हन्नीवट्रेप अचिक नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष तथा चार अन्य की जबरन धनवसूली के आरोप में की गई गिरफ्तारी के विरोध में खासी-जैंतिया हिल्स के छह जिलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी कार्यालयों की 8, 9, 12 और 13 मई, 2014 को पूर्ण बंदी का आह्वान किया।

5. यह कि एच एन एल सी जैंतिया हिल्स के कोयला क्षेत्रों से जबरन धन वसूली कर रहा था और उसके द्वारा इन क्षेत्रों का उपयोग बांग्लादेश में सीमा-पार गतिविधियों हेतु पारगमन मार्ग के रूप में भी किया जा रहा है। यह भी बताया गया है कि एच एन एल सी ने नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (विश्वमोहन देबबर्मा), नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैण्ड (इसाक-मुइवाह) तथा कांगली याओल कानबा लुप के साथ संबंध बनाए हुए हैं। एच एन एल सी के नेता, बॉबी मारविन, स्वयंभू कमान्डर-इन-चीफ तथाकेरिस्टर फील्ड थांगरव्यू, स्वयंभू महा सचिव बांग्लादेश से अपनी गतिविधियों का संचालन जारी रखे हुए हैं। मार्च, 2014 के दौरान एच एन एल सी ने पश्चिमी खासी हिल्स और दक्षिण-पश्चिम खासी हिल्स से लगभग उन्नीस कॉडरों की भर्ती की थी।

6. उपर्युक्त आधारों पर, केन्द्र सरकार की यह राय थी कि एच एन एल सी की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और एकता के लिए हानिकर हैं तथा यदि इन पर तत्काल अंकुश तथा नियंत्रण नहीं लगाया गया तो उक्त एच एन एल सी फिर से संगठित हो जाएगा और स्वयं को फिर से हथियारों से सुसज्जित कर लेगा, अपने कॉडर का विस्तार करेगा, अत्याधुनिक हथियार जुटाएगा, आम नागरिकों तथा सुरक्षा बलों की हत्या करेगा तथा राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को तेज करेगा।

7. दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 को प्रारंभिक सुनवाई की गई और अधिनियम की धारा 4 की उप धारा (2) के अंतर्गत एच एन एल सी को इस बारे में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया कि इसे विधिविरुद्ध संगम क्यों घोषित नहीं किया जाए। उक्त नोटिस को निम्नलिखित तरीके से एच एन एल सी को तामील कराने का निदेश दिया गया:

I. उक्त संगम के कार्यालय (कार्यालयों), यदि कोई हो, के किसी स्पष्ट भाग पर उक्त अधिसूचना की प्रति चिपकाकर;

II. उक्त संगम के मुख्य पदाधिकारियों, यदि कोई हो, को जब कभी संभव हो उक्त अधिसूचना की प्रति की तामीली करके;

III. जिस क्षेत्र में उक्त संगम की गतिविधियां सामान्यत: चलाई जाती हैं उसमें उक्त अधिसूचना की विषय-वस्तु को ढोल पीटकर अथवा लाउडस्पीकर के द्वारा घोषणा करके;

IV. आकाशवाणी के स्थानीय या निकटतम प्रसारण केन्द्र से रेडियो पर घोषणा करके;

V. राज्य में सात जिलों में से प्रत्येक जिले के मुख्यालय में उपायुक्तों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अधिसूचना चिपकाकर; और

VI. अंग्रेजी के किसी राष्ट्रीय समाचार पत्र और संबंधित राज्यों, जिनमें एच एन एल सी की गतिविधियां चलाई जाती हैं, के एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा।

8. केन्द्रीय सरकार और मेघालय राज्य द्वारा तामील संबंधी हलफनामा दायर किया गया जिसमें एचएनएलसी को तामील करने के तौर-तरीके के बारे में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। हलफनामा में यह कहा गया था कि एचएनएल सी का अपने कार्यालय का कोई निश्चित स्थान नहीं है और वह गुप्त स्थान में है। नोटिसों की, समाचार पत्रों अर्थात दिनांक 11.01.2015 के हिन्दुस्तान टाइम्स, दिनांक 10.01.2015 के मेघालय गार्जियन, हाइलैंड पोस्ट, मवफोर, यू नॉगसेन हिमा, किनजातशई, यू पेईटनगोर तथा दिनांक 12.01.2015 के रूपांग में प्रकाशन द्वारा तथा आकाशवाणी के शिलांग स्टेशन और दूरदर्शन केन्द्र शिलांग के माध्यम से प्रसारण द्वारा तामील की गईं। नोटिसों को मेघालय राज्य के जिलों में उपायुक्तों के कार्यालयों के नोटिस बोर्डों पर भी प्रदर्शित किया गया है। संबंधित उपायुक्तों से प्राप्त रिपोर्टों को केन्द्रीय सरकार के तामील के शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है।

9. तामील के बावजूद एचएनएलसी के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसलिए इस पर 7 मार्च, 2015 को एकतरफा कार्यवाही हुई।

10. प्रतिबंध के समर्थन या विरोध में व्यापक स्तर पर जनता के अभ्यावेदन को आमंत्रित करने और कार्यवाही में एचएनएलसी की भागीदारी, यदि ऐसा वांछित हो, के लिए 7 एवं 8 मार्च, 2015 एवं 18 अप्रैल, 2015 को शिलांग में साक्ष्य को रिकॉर्ड किया गया। मेघालय राज्य ने निम्नलिखित गवाहों से पूछताछ की :-

(i) एस डब्ल्यू 1 श्रीमती आर. लिंगदोह, आई ए एस, जिला मेघालय, दक्षिण-पश्चिम खासी हिल्स जिला, मावक्यरवात, मेघालय;

(ii) एस डब्ल्यू 2 श्री डी.डी. संगमा, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, दक्षिण-पश्चिम खासी हिल्स, मावक्यरवात, मेघालय;

(iii) एस डब्ल्यू 3 श्री पीटर सनसन डखार, आई ए एस, उपायुक्त, पश्चिम जैंतिया हिल्स जिला जोवई मेघालय;

(iv) एस डब्ल्यू 4 श्री एच.जी. लिंगदोह, एम पी एस, पुलिस अधीक्षक, पश्चिम जैंतिया हिल्स, जिला पोवई मेघालय;

(v) एस डब्ल्यू 5 श्री डब्ल्यू आर लिंगदोह, आई ए एस, उपायुक्त, पूर्वी जैंतिया हिल्स, जिला खलीइहरियात, मेघालय;

(vi) एस डब्ल्यू 6 श्री एम.के. डखार, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी जैंतिया हिल्स, जिला खलीइहरियत, मेघालय;

(vii) एस डब्ल्यू 7 श्री फ्रीमेन खार लिंगदोह, आई ए एस, आयुक्त एवं सचिव, मेघालय सरकार, शिलांग, मेघालय;

(viii) एस डब्ल्यू 8 श्री संजय गोयल, आई ए एस, उपायुक्त, पूर्वी खासी हिल्स जिला, शिलांग, मेघालय;

(ix) एस डब्ल्यू 9 श्री एम खरक्रांग, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी खासी हिल्स जिला, मेघालय;

(x) एस डब्ल्यू 10 श्री एस. खारलिंगदोह, आई ए एस, उपायुक्त, पश्चिमी खासी हिल्स जिला, नॉंग्सटोइन, मेघालय;

(xi) एस डब्ल्यू 11 श्री सिल्वेस्टर नांगटनगेर, एम पी एस, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी खासी हिल्स जिला, नांग्सटोइन, मेघालय;

(xii) एस डब्ल्यू 12 डॉ. पूजा पांडे, आई ए एस, उपायुक्त, रि भोई जिला, नोंगपोह;

(xiii) एस डब्ल्यू 13 श्री सी. वेंकट सुब्बा रेड्डी, पुलिस अधीक्षक, रि भोई जिला, नोंगपोह।

11. केन्द्रीय सरकार ने सी डब्ल्यू 1 सुश्री नीता गुप्ता, उप सचिव, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली से पूछताछ की। उपर्युक्त गवाहों के बयान को चुनौती नहीं दी गई है क्योंकि गवाहों से जिरह करने के लिए एचएनएलसी की ओर से कोई आगे नहीं आया और यहां तक कि किसी आम व्यक्ति ने भी कोई आपत्ति दायर नहीं की।

12. एस डब्ल्यू 1, श्रीमती आर. लिंगदोह ने अभिसाक्ष्य दिया है कि दिनांक 20.11.2013 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ व्यक्ति शिलांग से मावक्यरवात एचएनएलसी के डिमांड नोट ला रहे हैं, एक पुलिस दल ने जाकरेम क्षेत्र में जांच की; तलाशी के दौरान एचएनएलसी के नाम से एक लेमिनेटेड अपील पत्र, उन्नीस डिमांड नोट्स, लॉयन स्पोर्ट क्लब की एक रसीद पुस्तिका, एक बंगला लिंक सिम कार्ड, 2 बंगला लिंक टॉप अप कार्ड एवं उन्नीस पीले लिफाफे से भरा एक थैला बरादम किया गया। दो संदिग्ध एचएनएलसी कॉडरों को निरूद्ध किया गया और उनके पास से दो मोबाइल हैंडसेट और एक जी फोन ड्यूअल सीम बरामद किए गए। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि उक्त व्यक्तियों के दो साथियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसरण में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि दिनांक 02.05.2014 को एचएनएलसी का एक डिमांड नोट और 2,50,000 रु. की नकद राशि एचएनएलसी के सदस्यों के वाहन से बरामद की गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि एचएनएलसी कार्यालय पर धरना देने के कार्य में शामिल था और सभी राष्ट्रीय दिवसों, अर्थात गणतंत्र दिवस और स्वतंत्र दिवस पर बंद का आह्वान किया है। शपथ पत्र में आगे यह कहा गया है कि एचएनएलसी काडर विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में लिप्त थे तथा शुरुआत से ही उन्होंने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं तथा अलगाववादी क्रियाकलापों के दावों का समर्थन किया है और उन्होंने ऐसे अलगाव के लिए राज्य के आदिवासी युवकों को भी उकसाया है।

13. एस डब्ल्यू-2, श्री डी.डी. संगमा, आई पी एस का अभिसाक्ष्य एस डब्ल्यू 1 के बयान के जैसा ही है। उन्होंने कतिपय दस्तावेजों को प्रमाणित किया है। प्रदर्श एस डब्ल्यू-2/1 विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 121 (क)/120 ख के अंतर्गत मावक्यरवात पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी सं. 24 (।।)/13 की प्रति है। प्रदर्श एस डब्ल्यू-2/2 विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 121/121(क) के अंतर्गत प्राथमिकी सं. 8(5)/14 की प्रति है। उक्त प्राथमिकी को श्री लामफ्रांग खरबानी के पास से एचएनएलसी के एक डिमांड नोट की बरामदगी के अनुसरण में दर्ज किया गया था। बाद में दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 2,50,000 रु. की नकद राशि बरामद की गई जिसे एचएनएलसी काडरों को सुपुर्द किए जाने का संदेह था। प्रदर्श एस डब्ल्यू 2/3 एचएनएलसी द्वारा कार्यालय पर धरना देने के संबंध में किए गए आह्वान से संबंधित मीडिया रिपोर्ट की प्रति है। प्रदर्श एस डब्ल्यू 2/4, 2/5, 2/6 एवं 2/7 मेघालय राज्य में विधान सभा चुनावों का विरोध करने के लिए और राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा रैट होल माइनिंग के प्रतिबंध के विरुद्ध तथा गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार करने के लिए किए गए बंद के आह्वान के संबंध में मीडिया रिपोर्टों की प्रतियां हैं।

14. एस डब्ल्यू-3, श्री पीटर सनसन डखार, आई ए एस, उपायुक्त, पश्चिमी जैंतिया हिल्स, जिला जोवई मेघालय ने अभिसाक्ष्य दिया है कि यद्यपि मुख्य रूप से डर के कारण स्थानीय लोगों की आगे आकर शिकायत करने के प्रति अनिच्छा सहित विभिन्न कारणों से मामले को दर्ज नहीं किया गया था। तथापि, यह नहीं कहा जा सकता है कि एचएनएलसी स्वयं को विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में शामिल नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एचएनएलसी पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले में सक्रिय है और जबरन धनवसूली, डराने-धमकाने और अपहरण के क्रियाकलापों में संलिप्त है। एच एन एल सी राष्ट्र विरोधी विधिविरुद्ध एवं घृणित क्रियाकलापों में भी शामिल है। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एन डी एफ बी, जी एन एल ए एवं एन एल एफ टी, एचएनएलसी के मुख्य समर्थक हैं जो बांग्लादेश में हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि अन्य आतंकवादी समूहों के साथ, एचएनएलसी के क्रियाकलाप भारत की संप्रभुता, अखंडता एवं आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने अपने इस अभिसाक्ष्य में कि एचएनएलसी, विधिविरुद्धक्रियाकलापों में लिप्त है, जैसा कि उनके शपथ पत्रमें उल्लिखित है, के समर्थन में प्रदर्श एस डब्ल्यू 3/1(कॉली)के साथ विभिन्न समाचार पत्रों की कतरनों को संलग्न किया है। एस डब्ल्यू-4, श्री हरबर्ट जी. लिंगदोह ने एस डब्ल्यू-3 की ही तरह अभिसाक्ष्य दिया है। उन्होंने अपने इस बयान के समर्थन में कि एचएनएलसी ने विभिन्न अवसरों अर्थात वर्ष 2013 में गणतंत्र दिवस समारोहों की पूर्व संध्या पर बंद का आह्वान किया था।

स्वतंत्रता दिवस समारोहों की पूर्व संध्या पर माननीय राष्ट्रपति के राज्य के दौरे का विरोध किया था, गिरफ्तार आई एल पी समर्थक कार्यकर्ता को छोड़े जाने की मांग की थी और गणतंत्र दिवस समारोहों एवं लोक सभा चुनाव 2014 का बहिष्कार किया था; कार्यालय पर धरना देने के लिए आह्वान किया था ताकि गिरफ्तार एचएनएम अध्यक्ष एवं चार अन्य को छोड़े जाने के लिए बाध्य किया जा सके तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा रैट होल माइनिंग के प्रतिबंध का विरोध किया था, प्रदर्श एस डब्ल्यू-4/क, प्रदर्श एस डब्ल्यू-4/1, 4/2, 4/3, 4/4, 4/5, 4/6, 4/7, 4/8, 4/9 एवं 4/10 के रूप में समाचार पत्र की कतरनों को भी प्रमाणित किया है।

15. एस डब्ल्यू 5, श्री डब्ल्यू आर लिंगदोह ने अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी मेघालय राज्य में पूर्वी जैंतिया हिल्स जिला में अपने विधिविरुद्ध, घृणित एवं समान विरोधी क्रियाकलापों को सक्रिय रूप से चला रहे हैं। उन्होंने पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के भू-भागों के भीतर किए गए हाल के एचएनएलसी के प्रमुख विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के बारे में अपने शपथ पत्र में ब्यौरा दिया है। विभिन्न समाचार पत्रों की कतरनों अर्थात प्रदर्श एस डब्ल्यू 5/1, एस डब्ल्यू-5/2, एस डब्ल्यू-5/3, एस डब्ल्यू-5/4, एस डब्ल्यू-5/5 और एस डब्ल्यू-5/6 को भी यह दर्शाने के लिए शपथ पत्र के साथ संलग्न किया गया है कि एचएनएलसी ने 26 जनवरी, 2014 को भारत के माननीय राष्ट्रपति के शिलांग दौरे का विरोध करने के लिए समय-समय पर पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले में बंद का आह्वान किया था। एचएएनएम के अध्यक्ष को छोड़े जाने के लिए बाध्य करने हेतु कार्यालय पर धरना देने का भी आह्वान किया गया था, और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के उस आदेश के विरुद्ध बंद का आह्वान किया गया था जिसके द्वारा राज्य में कोयला खनन पर प्रतिबंध लगाया था और साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोहों तथा महात्मा गांधी की याद में 2 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस को मनाने का विरोध करने का भी आह्वान किया था। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एचएनएलसी ने पूर्वी जैंतिया हिल्स के स्थानीय युवकों को बहला-फुसलाकर भर्ती अभियान चलाया था। उन्होंने यह भी कहा कि जबरन धन वसूली, डराना-धमकाना एवं अपहरण करना एचएनएलसी के मुख्य उद्देश्य हैं और वे भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। एस डब्ल्यू-6, श्री एम के डखार ने एस डब्ल्यू-5 के अनुरूप अभिसाक्ष्य दिया है। समाचार पत्र की कई कतरनों को प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/1, प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/2, प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/3, प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/4, प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/5, प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/6 और प्रदर्श एस डब्ल्यू 6/7 के रूप में शपथ पत्र के साथ संलग्न किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सामान्यतया जनता और विशेष रूप से व्यावसायिक समुदाय से जबरन धन वसूली, उनको डराना-धमकाना एवं उनका अपहरण करना एच एन एल सी के मुख्य उद्देश्य हैं। मन में डर की भावना एक मूल कारण है जिससे पीड़ित या प्रभावित व्यक्ति मामले की सूचना पुलिस को नहीं देते हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एच एन एल सी काडरों का प्रयास यह है कि मन में डर पैदा करके आम जनता को भारत संघ से राज्य को विलग करने के उद्देश्य का अनुसरण करने के लिए बाध्य किया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि अन्य आतंकवादी समूहों के साथ एच एन एल सी के क्रियाकलाप भारत की संप्रभुता, अखंडता तथा आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं।

16. सी डब्ल्यू 1, सुश्री नीता गुप्ता, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने सी डब्ल्यू 1/1 के रूप में दिनांक 16.11.2014 की अधिसूचना सं. 2923 (अ) को प्रमाणित कर दिया है। इस अधिसूचना के द्वारा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत एच एन एल सी को विधिविरुद्ध संगम घोषित करके इसे प्रतिबंधित करने संबंधी सक्षम प्राधिकारी के निर्णय को प्रकाशित किया गया। प्रदर्श सी डब्ल्यू-1/2 दिनांक 19 मई, 2005 को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना है जिसमें धारा 4(3) के अनुसार अधिकरण का आदेश है, जिसके द्वाराएच एन एल सी को प्रतिबंधित करने के केन्द्रीय सरकार के पूर्व के निर्णय को सही ठहराया गया। प्रदर्श सी डब्ल्यू 1/3 एवं प्रदर्श सी डब्ल्यू1/4 क्रमश: दिनांक 21.5.2007 की अधिसूचना सं. 789 (अ) और दिनांक 28.5.2009 की अधिसूचना सं. 1373 (अ) की प्रतियां हैं जिनमें पूर्व के अधिकरणों जिनको इस अधिनियम के अंतर्गत मामला रेफर किया गया था, द्वारा पारित आदेश हैं, जिनके द्वारा उक्त अधिकरणों ने एच एन एल सी को प्रतिबंधित करने के केन्द्रीय सरकार के निर्णय को सही ठहराया था। प्रदर्श सी डब्ल्यू 1/15 दिनांक 1.6.2011 की अधिसूचना सं. 1268 (अ) की प्रति है जिसके द्वारा अधिकरण ने दिनांक 13.5.2011 के आदेश के तहत एच एन एल सी को केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी दिनांक 16.10.2010 को जारी पूर्व की अधिसूचना, जिसमें एच एन एल सी को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया था, को सही ठहराया है। प्रदर्श सी डब्ल्यू 1/6 दिनांक 28.6.2013 की अधिसूचना सं. 2001 (अ) की प्रति है जिसके द्वारा अधिकरण ने दिनांक 14.5.2013 के आदेश के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी पूर्व की 16.11.2012 की अधिसूचना, जिसमें एच एन एल सी को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया गया था, को सही ठहराया। प्रदर्श सी डब्ल्यू-1/7 विभिन्न क्रियाकलापों, जो नवम्बर, 2012 से सरकार के ध्यान में आए थे, का संक्षिप्त सार है।

प्रदर्श सी डब्ल्यू-1/8 एच एन एल सी के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों और क्रियाकलापों का संक्षिप्त सार है। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी के शीर्ष नेता बांग्लादेश से प्रचालन कर रहे हैं। उन्होंने यह कहा है कि दिनांक 2 फरवरी एवं 16 अप्रैल, 2014 को एच एन एल सी ने एक ई मेल जारी किया जिसमें राज्य के युवकों से उनके साथ हाथ मिलाने के लिए आह्वान किया गया था; एच एन एल सीगणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस समारोहों का बहिष्कार

करने के लिए नियमित रूप से आह्वान करता है तथा अप्रैल में संसदीय चुनावों के दौरान, एच एन एल सी ने अपने फेसबुक पेज पर एक मैसेज डाला जिसमें सभी से आह्वान किया गया था कि वे मतदान केन्द्रों पर बम फेंकें। दिनांक 8, 9, 12 एवं 13 मई, 2014 को एच एन एल सी ने हन्नीवट्रेप आचिक नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए खासी जैंतिया हिल्स के छह जिलों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी कार्यालयों की पूर्ण बंदी का आह्वान किया था। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के काडरों की पूछताछ के दौरान खुलासा किया गया है कि एच एन एल सी ने ए के सिरीज के कई हथियार खरीदे थे। एच एन एल सी जैंतिया हिल्स के कोयला क्षेत्रों से जबरन धन वसूली कर रहा है; एच एन एल सी ने नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (विश्वमोहन देबबर्मा), नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (इसाक-मुइवाह) और कांग्लेई याओल कन्बा लूप (हामपुर) के साथ संबंध बरकरार रखा है जो देश के लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने आगे यह भी अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी और इसके कार्यकर्ता अभी भी विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में लिप्त हैं जिनके लिए पूर्व में संगठन को प्रतिबंधित किया गया था और यह कि एच एन एल सी के क्रियाकलाप देश की शांति एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए नुकसानदायक हैं। यदि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंध को अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना में परिकल्पित अवधि के लिए स्वीकृत नहीं किया जाता है तो इस बात की पूरी संभावना है कि एच एन एल सी अपने अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी एवं हिंसक क्रियाकलापों का विस्तार करेगा।

17. एस डब्ल्यू-7, श्री फ्रीमेन खार्लिंगदोह ने यह अभिसाक्ष्य दिया है कि विभिन्न प्रेस रिलीजों के माध्यम से एच एन एल सी प्रत्येक राष्ट्रीय दिवस समारोहों अर्थात गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर बंद एवं असहयोग का आह्वान करता रहा है और एच एन एल सी के ऐसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप समाचार पत्र की कतरनों से स्पष्ट है, प्रदर्श एस डब्ल्यू-7/1 (कॉली)। उन्होंने यह कहा है कि एच एन एल सी सभी प्रकार के विधिविरुद्धक्रियाकलापों अर्थात सिविलियन से जबरन धन वसूली एवं लूट, निधियों की संग्रह में स्वयं को शामिल करते रहा है। धारा 121 (क)/120(ख), भारतीय दंड संहिता आर/डब्ल्यू धारा 10/13 यू ए पी अधिनियम (प्रदर्श एस डब्ल्यू 7/2) के अंतर्गत प्राथमिकी सं. 24 (।।) 13की प्रति हलफनामा के साथ संलग्न की गई है। उक्त प्राथमिकी मावक्यरवात पुलिस थाना में दर्ज की गई थी। जाकरेम क्षेत्र में बस की जांच के दौरान, दो संदिग्ध एच एन एल सी सदस्यों को निरूद्ध किया गया था और उनके पास से दो मोबाइल हैंडसेट बरामद किए गए थे। प्रदर्श एस डब्ल्यू 7/3, निरीक्षक के शबोंग, प्रभारी विशेष प्रकोष्ठ, पूर्वी खासी हिल्स, शिलांग द्वारा मावक्यरवात पुलिस थाना में अधिनियम 121/121 (क), भारतीय दंड संहिता आर/डब्ल्यू धारा 10/13 यू ए पी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज की गई प्राथमिकी सं. 8(5) 14 की प्रति है। दिनांक 30 जनवरी, 2013 को पुलिस ने एक संदिग्ध एच एन एल सी काडर, रोनाल्ड मारवेन को जाकरेम (दक्षिण-पश्चिम खासी हिल्स जिला) से गिरफ्तार किया और श्री किरमेन्सखेम नांगरेल को लिखे 5,50,000 रु. का डिमांड नोट बरामद किया। उन्होंने आगे एच एन एल सी के सदस्यों द्वाराकी गई जबरन धनवसूली के कतिपय अन्य मामलों का खुलासा किया जिसके परिणामस्वरूप प्राथमिकी दर्ज की गई, जिनमें से कुछ मामलों की जांच की जा रही थी और कुछ मामलों में सरकार से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होने पर आरोप पत्र दाखिल करने के लिए तैयार था। एच एन एल सी ने दिनांक 23.2.2013 को निर्धारित आम चुनाव और लोक सभा चुनाव, 2014 का भी खासी एवं जैंतिया हिल्स क्षेत्र में बहिष्कार का आह्वान किया था। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एच एन एल सी ने पूर्वोत्तर राज्यों के राष्ट्र विरोधी विद्रोही समूहों जैसे कि उल्फा, एन एस सी एन, एन डी एफ बी एवं एन एल एफ टी के साथ अच्छे संबंध स्थापित किए हैं जो यह दर्शाता है कि एच एन एल सी निकट भविष्य में और अधिक समस्याएं पैदा करेगा जो भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने यह भी कहा है कि एच एन एल सी के सदस्य अन्य प्रतिबंधित संगठनों से प्रशिक्षण एवं सहायता लेते हैं। उन्होंने सभी छह जिलों, जहां एच एन एल सी सक्रिय है, के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के हलफनामेमें किए गए प्रकथनों का भी अनुसमर्थन किया है।

18. एस डब्ल्यू 8, श्री संजय गोयल ने यह अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी पूर्वी खासी हिल्स के जिले में विधिविरुद्ध घृणित एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है;एच एन एल सी की गतिविधियों का उद्देश्य भारत की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता में विघ्न डालना है। उन्होंने यह भी कहा कि एच एन एल सी के काडर व्यावसायिक समुदाय को डिमांड नोट जारी करके निधियां उगाहने के कार्य में शामिल हैं। एच एन एल सी ने पूर्वोतर राज्यों के अन्य प्रतिबंधित विद्रोही समूहों अर्थात् उल्फा, एन एस सी एन, एन डी एफ बी एवं एन एल एफ टी के साथ अच्छे संबंध स्थापित किए हैं। एस डब्ल्यू 9, श्री एम. खारक्रांग, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी खासी हिल्स जिला, मेघालय ने एस डब्ल्यू-8, श्री संजय गोयल द्वारा उनके हलफनामे एस डब्ल्यू 8क में वर्णित तथ्यों को दोहराया है। उन्होंने अपने इस अभिसाक्ष्य के समर्थन में कि समाचार पत्र की कतरनों प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/3, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/4, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/6, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/7, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/8, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/10, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/12, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/13, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/16, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/18, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/19, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/20, प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/21, प्रदर्श एस डब्ल्यू9/22 एवं प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/23 पर भरोसा किया है कि एच एन एल सी गणतंत्र दिवस समारोहों, विधान सभा चुनावों, स्वतंत्रता दिवस समारोहों का बहिष्कार करने का आह्वान करता रहा है और यहां तक कि उन्होंने भारत के राष्ट्रपति के दौरे का भी विरोध किया था; कार्यालय पर धरना देने, कामबंदी, बंद के लिए आह्वान किया था। उन्होंने सुफियान अली हजारिका उर्फ

मनभालांग जारवा, जिससे एक लैपटॉप एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए थे, की गिरफ्तारी के संबंध में यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ख/121/121-क के अंतर्गत दिनांक 24 जनवरी, 2014 की प्राथमिकी सं. 3 की प्रति संलग्न की है। उन्होंने आगे यह भी अभिसाक्ष्य दिया है कि सुफियान अली हजारिका ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह एच एन एल का सदस्य है। भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 222/224 यू ए पी अधिनियम (प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/5) के अंतर्गत 17 जुलाई, 2013 की प्राथमिकी सं. 60 की प्रति भी दिनांक 17.7.2013 की घटना के बारे में संलग्न की गई है जब फिरनैलंग स्वेर को प्राथमिकी सं. 3(1)13 के संबंध में गिरफ्तार किया गया था किंतु एन ई आई जी आर आई एच एम एस, शिलांग से बच निकला था जहां उसका उपचार चल रहा था। यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 120-ख/121 के अंतर्गत 14 मार्च, 2014 की प्राथमिकी सं. 19 (03) 2014 की प्रति (प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/9) को उसके द्वारा यह दर्शाने के लिए हलफनामे के साथ संलग्न की गई है कि दिनांक 14.3.2014 को पुलिस ने एक टाटा सूमो को रोका था जिसमें एच एन एल सी के तीन सदस्य यात्रा कर रहे थे। वे विध्वंसक क्रियाकलाप करने के लिए मावसिनराम जा रहे थे। यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 120-ख/506 के अंतर्गत दर्ज 11 अप्रैल, 2014 की प्राथमिकी सं. 31 की प्रति (प्रदर्श 9/11) को यह दर्शाने के लिए हलफनामे के साथ उसके द्वारा संलग्न की गई है कि दिनांक 4.4.2014 को श्री के. लैंगसटिह एवं हिमा मिलियम के अन्य मंत्रियों को एक टेलीफोन कॉल आया था और कॉलर ने स्वयं का परिचय एच एन एल सी पब्लिक सेक्रेटरी के पी एस ओ के रूप में दिया था और उनको धमकी दी थी कि मामले को सुलझाया जाए अन्यथा उनको खत्म कर दिया जाएगा। यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 120-ख के अंतर्गत दिनांक 9 मई, 2014 की प्राथमिकी सं. 9(5)14 की प्रति यह दर्शाने के लिए संलग्न की गई है कि दिनांक 8.5.2014 को एक पुलिस दल ने मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को देखा और पुलिस दल द्वारा देखने के बाद, उनमें एक मोटर साईकिल से कूद पड़ा और जंगल की ओर भाग गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पूछताछ से उसकी पहचान वान खारदेवसाव, एक कट्टर एच एन एल सी काडर के रूप में की गई। यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 506 के अंतर्गत दिनांक 5 मई, 2014 की प्राथमिकी सं. 153 की प्रति (प्रदर्श एस डब्ल्यू 9/15) यह दर्शाने के लिए संलग्न की गई है कि दिनांक 5.5.2014 को एच एन एल सी के पब्लिक सेक्रेटरी ने श्री विवेक सियम, एम पी एस, पुलिस अधीक्षक (सिटी), शिलांग की जान के लिए खुली धमकी जारी की थी। यू ए पी अधिनियम के अंतर्गत आई पी सी की धारा 326/34 (प्रदर्श 9/17) के अंतर्गत लैतुमखराह पुलिस थाना में श्री रोबर्ट परिजात द्वारा दर्ज कराई दिनांकउ 28 जुलाई, 2014 की प्राथमिकी सं. 118 की प्रति यह दर्शाने के लिए हलफनाम के साथ संलग्न की गई है कि कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने लेचूमियरे में उसके पत्र के सिर एवं रीढ की हड्डी (रिब केज) पर हमला कर दिया था जिसके परिणामस्वरूप उसको चोटें आई थीं। एस डब्ल्यू 9 ने आगे यह भी कहा है कि तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए और पूछताछ से उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने पीड़ित को एक पार्टी में शामिल होने के लिए प्रलोभन दिया था और बांग्लादेश स्थित फ्रेंकूपार डिंगदोह ऊर्फ मेटल उर्फ बाह हेप मेटल नामक एक वरिष्ठ एच एन एल सी काडर के निर्देश पर फिरौती के लिए उसका अपहरण करने की योजना बनाई थी।

19. प्रदर्श, एस डब्ल्यू 10 श्री खारलिंगदोह ने अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी का नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिज्म (एनएससीएन आई एम) के साथ प्रत्यक्ष मिलीभगत एवं संबंध है, जो हथियारों एवं गोलाबारूदों की आपूर्ति करता रहा है और एच एन एल सी को राज्य की सुरक्षा एवं शांति को भंग करने में कामयाब बनाने के लिए संभारतंत्र सहायता प्रदान करने के लिए अतिरिक्त एच एन एल सी के काडरों को प्रशिक्षण भी देता रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि एच एन एल सी अलगाववादी क्रियाकलापों के दावों को समर्थन देता रहा है और ऐसा अलगाव लाने के लिए राज्य के आदिवासी युवकों को प्रेरित भी किया है; एच एन एल सी काडरों के पास अभी गैरकानूनी हथियार एवं गोलाबारूद हैं जो छिपने के विभिन्न ठिकानों में रखे हुए हैं। गैरकानूनी साधनों से निधियां एकत्र करने के लिए एच एन एल सी काडरों द्वारा गुप्त प्रचालन अभी भी किए जा रहे हैं; एच एन एल सी काडरों द्वारा जन साधारण से लुक-छिपकर जबरन धन वसूली का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एच एन एल सी गणतंत्र दिवसों एवं स्वतंत्रता दिवसों पर बंद का आह्वान करता रहा है और भारत की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता को भंग करने के लिए अपने विधिविरुद्ध क्रियाकलापों को जारी रखा है। एस डब्ल्यू-।। श्री सिल्वेस्टर नांगटेंगर ने एस डब्ल्यू 10 की ही तरह अभिसाक्ष्य दिया है। उन्होंने यह दर्शाने के लिए समाचार पत्रों की कतरनें प्रदर्श एस डब्ल्यू 11/1 से प्रदर्श एस डब्ल्यू 11/5 की प्रतियां संलग्न की हैं कि एच एन एल सी प्रत्येक वर्ष सभी राष्ट्रीय आयोजनों पर बंद रखने; विधान सभा चुनावों का बहिष्कार करने के लिए आह्वान करता रहा है और दिनांक 8,9,12 एवं 13 मई, 2014 को कार्यालय पर धरना देने के लिए आह्वान किया था तथा क्विक नोटिस जारी किया था एवं युवकों से एच एन एल सी में शामिल होने के लिए आह्वान किया। उसने इस बारे में यू ए पी अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आई पी सी की धारा 120-ख/121/121-क के अंतर्गत 20 जुलाई, 2014 की प्राथमिकी सं. 89 (7) (14) की प्रति (प्रदर्श एस डब्ल्यू ।1/6) भी प्रस्तुत की है कि एक एच एन एल सी काडर, श्री खिंचलूंगलांग उर्फ बनतेई लिंगखोई को त्रिपुरा पुलिस द्वारा निरोधित किया गया, जो बांग्लादेश में एच एन एल सी कैम्प से भाग गया था।

20. एस डब्ल्यू 12, डॉ. पूजा पांडे ने अभिसाक्ष्य दिया है कि यद्यपि मुख्य रूप से डर के कारण स्थानीय लोगों की आगे आकर शिकायत करने की अनिच्छा सहित विभिन्न कारणों से मामलों को दर्ज नहीं किया गया है, तथापि, यह नहीं कहा जा सकता है कि एच एन एल सी स्वयं को विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में शामिल नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि एच एन एल सी सामान्य लोगों को मुख्य धारा से विमुख करने का प्रयास कर रहा है और यदि एच एन एल सी के विधिविरुद्ध क्रियाकलापों को तुरंत रोका एवं नियंत्रित नहीं किया गया तो उनकी शक्ति बढ़ेगी और वे और अधिक काडरों को भर्ती करने तथा अत्याधुनिक हथियारों आदि का प्रापण करेंगे जिनका उपयोग वे सिविलियन एवं सुरक्षा बलों के विरुद्ध कर सकते हैं और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में तेजी ला सकते हैं और राज्य के विरुद्ध लड़ाई छेड़ सकते हैं।

21. एस डब्ल्यू 13, श्री सी वेंकट सुब्बा रेड्डी ने अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी सभी राष्ट्रीय दिवसों अर्थात गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर सामान्य लोगों को इसे मनाने से रोकने के लिए बंद का आह्वान करता रहा है। उन्होंने आगे यह भी कहा है कि यद्यपि यह समूह रिभोई जिला में इतना अधिक सक्रिय नहीं है किंतु वे इस जिला का उपयोग छिपने के ठिकाने और पड़ोसी राज्य, असम के अन्य उग्रवादी समूहों से मिलने के स्थान के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने अपने शपथ पत्र में एस डब्ल्यू-12 द्वारा उल्लिखित तथ्यों को दोहराया है।

22. एस डब्ल्यू 4, एस डब्ल्यू 7 एवं एस डब्ल्यू 9 ने स्पष्ट रूप से अभिसाक्ष्य दिया है कि एच एन एल सी का मूल उद्देश्य एक संप्रभु 'खासी हिल राज्य' बनाना है जो भारत संघ का हिस्सा नहीं होगा। एच एन एल सी द्वारा किए गए सभी क्रियाकलाप उसी दिशा में हैं। आगे यह भी नोट किया जा सकता है कि शिलांग में सुनवाई के दौरान, सी डब्ल्यू-1 ने एक सीलबंद लिफाफा दिया था जिसमें इस प्रकथन के समर्थन में सामग्री थी कि एच एन एल सी विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त था। इसमें रक्षा मंत्रालय, अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (आर एंड ए डब्ल्यू) तथा सीमा सुरक्षा बल की कई रिपोर्टें भी शामिल थीं। लिफाफे को खोला गया है और उसको पढ़कर दोबारा बंद किया गया है। इसे रिपोर्ट के साथ केन्द्रीय सरकार को वापस कर दिया गया है।

23. केन्द्रीय सरकार और मेघालय राज्य सरकार की ओर से जांचे गए गवाहों की जिरह नहीं की गई है क्योंकि एच एन एल सी एकपक्षीय रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि अधिकरण ने साक्ष्य को रिकॉर्ड करने के लिए अपनी बैठकें आयोजित कीं ताकि एच एन एल सी और/या जनसामान्य इनमें भाग ले सकें किंतु गवाहों की जिरह करने और इस विषय पर सूचना देने के लिए कोई आगे नहीं आया। केन्द्रीय सरकार और मेघालय राज्य द्वारा रिकॉर्ड पर लाया गया साक्ष्य अकाट्य एवं बिना चुनौती वाला रहा है।

24. मैंने विद्वान ए एस जी, मेघालय राज्य का विद्वान वकील को सुना है, और सीलबंद कवर में दस्तावेजों सहित रिकॉर्ड पर रखे गए एवं प्रमाणित संपूर्ण सामग्री को सावधानीपूर्वक पढ़ा है। केन्द्रीय सरकार एवं मेघालय राज्य द्वारा पेश किए गए साक्ष्य तथा अधिकरण के समक्ष रखी गई प्रमाणित की गई एवं प्रस्तुत की गई सामग्री से यह प्रमाणित होता है कि एच एन एल सी भारत के बाहर हन्नीवट्रेप लोगों के लिए एक पृथक या स्वतंत्र राज्य हासिल करने के लिए कटिबद्ध संगठन है और इस उद्देश्य के लिए इसकी योजना हिंसा एवं विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के माध्यम से उद्देश्य को प्राप्त करना है। एच एन एल सी गुप्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और जबरन धनवसूली एवं डरा-धमकाकर निधियां उगाहने का कार्य कर रहा है। एच एन एल सी बंद का आह्वान करता रहा है और मेघालय विधान सभा चुनाव, 2013 तथा लोक सभा चुनाव, 2014 का बहिष्कार किया है। एच एन एल सी शहरी कार्य के प्रभारी मंत्री, मेघालय को धमकी देते हुए चेतावनी भरे बयान जारी करते रहे हैं। एच एन एल सी काडर लोगों पर हमला करने में भी लिप्त रहे हैं। एच एन एल सी द्वारा लोगों को बार-बार इस बारे में भी कॉल किए गए कि वे राष्ट्रीय दिवस के समारोहों में भाग नहीं ले, यहां तक कि लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने के लिए अवरोध भी खड़े किए गए। एच एन एल सी काडर के विधिविरुद्ध घोषित किए गए अन्य संगठनों के साथ संपर्क एवं संबंध हैं। एच एन एल सी के नेता बांग्लादेश में हैं, जहां उन्होंने काडरों को प्रशिक्षित करने के लिए बेस कैम्प स्थापित किए हैं और जहां वे अपहरण, जबरन धन वसूली एवं हिंसा के अन्य कार्य करने के बाद भागकर आ जाते हैं। एच एन एल सी के क्रियाकलाप राज्य की संप्रभु शक्ति के लिए खुली चुनौती है। उनके विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में जबरन धन वसूली, अपहरण, हत्या एवं बलों पर हमला करके डर पैदा करना शामिल हैं जो एच एन एल सी के विधिविरुद्ध एवं अवैध साधनों से राज्य प्रशासन को कार्य में अवरोध पैदा करने के प्रयास के स्पष्ट सूचक हैं। यह एसोसिएशन हथियारों का प्रापण करने, भारत संघ की सीमाओं का अतिलंघन करने तथा भारत की भू-भागीय सीमाओं में और उससे बाहर अन्य प्रतिबंधित संगठनों और विधिविरुद्ध संगमों के साथ संपर्क रखने के कार्य में शामिल है।

25. अधिनियम की धारा 2 (ण) में 'विधिविरुद्ध क्रियाकलापों' को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है :-

> ''(ण)'' किसी व्यक्ति या संगम के संबंध में ''विधिविरुद्ध क्रियाकलाप'' से ऐसे व्यक्ति या संगम द्वारा कोई ऐसी कार्रवाई अभिप्रेत है (चाहे वह किसी कार्य या शब्दों द्वारा, मौखिक या लिखित में, या हस्ताक्षर द्वारा या दृश्य अभ्यावेदन द्वारा या अन्यथा किया गया हो), -

(i) जो किसी भी आधार पर, भारत के भू-भाग के किसी हिस्से का अध्यर्पण या संघ से भारत के भू-भाग के हिस्से को विलग करने के लिए आशयित हो, या किसी ऐसे दावे का समर्थन करता हो, या जो ऐसे अध्यर्पण या विलगाव के लिए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को प्रेरित करता हो, या

(ii) जो भारत की संप्रभुता एवं भू-भागीय अखंडता के दावे को अस्वीकार करता हो, उस पर प्रश्न उठाता हो या जो बाधित करने के लिए आशयित हो; या

(iii) जो भारत के प्रति घृणा पैदा करता हो या पैदा करने के लिए आशयित हो।''

26. अधिनियम की धारा 2 (त) में 'विधिविरुद्ध संगम' को परिभाषित किया गया है, जो निम्नवत है:-

(त) ''विधिविरुद्ध संगम'' से कोई ऐसा संगम अभिप्रेत है, -

(i) जो अपने उद्देश्य के लिए कोई विधिविरुद्ध क्रियाकलाप करता है या किसी व्यक्ति को कोई विधिविरुद्ध क्रियाकलाप करने के लिए प्रोत्साहित करता है या उसे सहायता प्रदान करता है या जिसके सदस्य ऐसे क्रियाकलाप करते हैं; या

(ii) जो अपने उद्देश्य के लिए ऐसा क्रियाकलाप करता है जो भारतीय दंड संहिता की धारा 153 क या धारा 153ख (1860 का 45) के अंतर्गत दंडनीय है या जो व्यक्तियों को ऐसा कोई क्रियाकलाप करने के लिए प्रोत्साहित करता है या सहायता प्रदान करता है या जिसके सदस्य कोई ऐसा क्रियाकलाप करते हैं:

परंतु यह कि उप-खंड (ii) में निहित कोई बात जम्मू एवं कश्मीर राज्य पर लागू नहीं होगी;

27. इस अधिनियम की धारा 2 (ण) के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि उसमें उल्लिखित आधार जुड़े हुए नहीं हैं क्योंकि अभिव्यक्ति 'या' प्रत्येक खंड के अंत में प्रयुक्त की गई है, जब धारा 2(ण) में यथा निर्धारित कोई आधार लागू होता है तो इस पर उक्त प्रावधान लागू होगा। बिनय कुमार चट्टोपाध्याय, ए आई आर (37) 1950 कलकत्ता 444 के संदर्भ में, यह कहा गया है कि 'घृणा' से राजनीतिक विमुखता या असंतोष अर्थात मौजूदा सरकार के प्रति अभक्ति का भाव प्रदर्शित होता है, जिसका इरादा सरकार की आज्ञा पालन नहीं करना बल्कि उसका विरोध करना एवं उसका विध्वंस करना है।

28. भारत संघ एवं अन्य बनाम सुकुमार सेनगुप्ता एवं अन्य 1990 (अनुपूरक) एस सी सी 545, में उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित कहा है –'संप्रभुता' के प्रश्न पर, पी.जी. ओसबॉर्न के 'ए कन्साइज लॉ डिक्शनरी', 5वां अंक, पृष्ठ 297 पर हमारे समक्ष भरोसा प्रस्तुत किया गया था, जहां 'संप्रभुता' को किसी स्वतंत्र राजनीतिक समाज में ''उच्चतम प्राधिकार'' के रूप में परिभाषित किया गया है, यह, अनिवार्य, अविभाज्य एवं असीमित है। तथापि, अब इस पर विभाज्य एवं सीमित दोनों के रूप में विचार किया गया है और स्वीकार किया गया है तथा हमें यह निश्चित रूप से माना चाहिए कि इसे ऐसा होना चाहिए। संप्रभुता सामान्य प्रतिरोध की संभावना से बाह्य रूप से सीमित होती है। आंतरिक संप्रभुता आंतरिक सभी कार्य के उपर महत्वपूर्ण शक्ति है और शक्ति की प्रकृति द्वारा ही सीमित होती है।

29. सिंबेटिक्स एवं केमिकल्स लिमिटेड तथा अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य (1990) 1 एस सी सी 109 में उच्चतम न्यायालय ने 'संप्रभुता' की संकल्पना के महत्व की व्याख्या करते हुए यह कहा है कि :-

''संप्रभु शक्ति पूर्ण होती है और ऐसी सभी चीजों को करने के लिए प्रत्येक संप्रभु राज्य में निहित होती है जो लोगों के स्वास्थ्य, शांति, नैतिकता, शिक्षा एवं उत्तम व्यवस्था को प्रोत्साहित करती हो। तथापि, संप्रभुता की शक्ति संवैधानिक सीमाओं के अध्यधीन होती है।''

30. यह रिकॉर्ड पर प्रमाणित किया गया है कि एच एन एल सी ने मेघालय राज्य को भारत संघ से विलग करने के अपने उद्देश्य की खुलकर घोषणा की है। एच एन एल सी सरकार के प्रति 'घृणा' फैलाने के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधनों का सहारा लेता रहा है और उनमें लिप्त रहा है। एच एन एल सी डराने-धमकाने, अपने संगठन के लिए निधियां एकत्र करने के लिए सिविलियन लोगों से जबरन धन वसूलने एवं लूटने के कार्यों में लिप्त रहा है। यह संगम जबरन धन वसूली एवं डराने-धमकाने का कार्य करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विद्रोही समूहों के साथ संपर्क रख रहा है। एच एन एल सी अपने काडरों के आश्रय एवं प्रशिक्षण के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविरों का रख-रखाव भी करता रहा है जो भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के लिए नुकसानदायक है। एच एन एल सी के उद्देश्य अधिनियम की धारा 2 (ण) में यथा परिभाषित 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप' के कार्यक्षेत्र एवं दायरे के भीतर आते हैं।परिणामस्वरूप, एच एन एल सी अधिनियम की धारा 2 (त) के अर्थ के भीतर 'विधिविरुद्ध संगम' है।

31. यह पहली बार नहीं है कि यह मुद्दा इस अधिकरण के समक्ष विचाराधीन है। यह वर्ष 2000 से हो रहा है। एच एन एल सी को प्रतिबंधित संगठन घोषित करते हुए पूर्व में जारी अधिसूचनाओं को समय-समय पर गठित अधिकरण द्वारा उत्तरोत्तर रूप से सही ठहराया गया है। एच एन एल सी के क्रियाकलाप तब से बिन रूके चल रहे हैं। एच एन एल सी के

विधिविरुद्ध क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुए, मेरा विचार है कि केन्द्रीय सरकार ने उक्त अधिसूचना के तहत उसे 'विधिविरुद्ध संगम' के रूप में सही ही अधिसूचित किया है।

32. मेघालय राज्य एवं केन्द्रीय सरकार ने यह दर्शाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य रिकॉर्ड पर लाया है कि एच एन एल सी के लक्ष्य, उद्देश्य अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (ण) में यथा परिभाषित 'विधिविरुद्ध क्रियाकलाप' हैं और इनका आशय भारत संघ से मेघालय को विलग करके, एक स्वतंत्र देश बनाकर देश की संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करना है। इसलिए एच एन एल सी के उद्देश्य भारत की संप्रभुता एवं अखंडता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है और यह आवश्यक है कि एच एन एल सी को उसके विनाशकारी क्रियाकलापों को जारी रखने से रोकने के लिए विधिविरुद्ध क्रियाकलापों को प्रतिबंधित किया जाए।

33. इस प्रकार, रिकॉर्ड पर लाए गए भरोसेमंद साक्ष्य के मद्देनजर, मेरी सुविचारित राय है कि एच एन एल सी को विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण मौजूद है और तदनुसार, एच एन एल सी को 16 नवम्बर, 2014 से पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रतिबंधित करने हेतु अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी दिनांक 16 नवम्बर, 2014 की अधिसूचना को अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (3) के अंतर्गत पुष्टि किए जाने के अधीन है, तदनुसार आदेशित।

(न्यायमूर्ति ए. के. पाठक)
पीठासीन अधिकारी
विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

12 मई, 2015

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th August, 2015

S.O. 2161(E).—In terms of section 4(4) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the order of the Tribunal presided over by Hon'ble Mr. Justice A.K. Pathak, Judge Delhi High Court, to whom a reference was made under Section 4(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 for adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring the Hynniewtrep National Liberation Council (HNLC) organization of Meghalaya as unlawful is published for general information:

[No. 11011/27/2014-NE-V]

SHAMBHU SINGH, Jt. Secy.

UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL

NEW DELHI

Reserved on: 29th April, 2015

Date of decision: 12th May, 2015

In the matter of:

Gazette Notification No. S.O. 2923(E) dated 16th November, 2014 declaring Hynniewtrep National Liberation Council of Meghalaya as Unlawful Association under Section 3(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

CORAM:

HON'BLE MR. JUSTICE A.K. PATHAK

Present:

Mr. Sanjay Jain, Addl. Solicitor General, Mr. Jasmeet Singh, Central Government Standing Counsel, Mr. Rajesh Gogna, Central Government Standing Counsel with Ms. Neeta Gupta, Deputy Secretary and Mr. S.C. Rawat, Section Officer, Ministry of Home Affairs.

Mr. Ranjan Mukherjee, Advocate for the State of Meghalaya.

ORDER

